**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 24.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर बिहार के मधुबनी से देश की सभी पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम सभाओं को संबोधित किया। श्री मोदी ने अपने संबोधन से पहले पहलगाम आतंकी हमले पर दुख व्यक्त किया और मृत लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि देश में पंचायतों की तस्वीर बदल रही है। दो लाख से ज्यादा पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ा गया है। मौके पर श्री मोदी ने विशेष श्रेणी राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार–2025 भी प्रदान किये।

******************

रामगढ़ जिला समाहरणालय में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह ने पंचायती राज व्यवस्था की महत्ता और उद्देश्यों की जानकारी दी। साथ ही उप विकास आयुक्त ने उपस्थित लोगों को जागरूकता शपथ दिलाई और पंचायत व्यवस्था को सशक्त बनाने की अपील की।

******************

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए पर्यटक नरसंहार के विरोध में खूंटी जिले में विभिन्न हिंदू संगठनों के आह्वान पर आज शांतिपूर्ण बंद रहा। शहर की सभी दुकानें, व्यापारिक प्रतिष्ठान और बाजार बंद रहे, हालांकि वाहनों की आवाजाही और आवश्यक सेवाएं सामान्य रहीं। बंद को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए और कहीं कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। बंद समर्थकों ने केंद्र सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

******************

चाईबासा में भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरुवा ने पश्चिमी सिंहभूम के किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पंप सेट वितरित किए। मौके पर मंत्री ने कहा कि बेहतर कृषि के लिए उन्नत तकनीक को अपनाना जरूरी है, तभी किसानों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी। उन्होंने कृषि में तकनीकी पिछड़ापन को देश की प्रगति में बाधा बताया।

******************

भारत के कोयला क्षेत्र को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाते हुए, कोयला मंत्रालय ने भूमिगत कोयला खनन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई परिवर्तनकारी नीतिगत उपायों का शुभारंभ किया है। ये साहसिक सुधार उच्च पूंजी निवेश और दीर्घावधि की पारंपरिक चुनौतियों का समाधान करने के साथ–साथ सतत विकास के व्यापक दृष्टिकोण के अनुकूल कोयला पारिस्थितिकी व्यवस्था को आधुनिक बनाने के सरकार के संकल्प की पुष्टि भी करते हैं। भूमिगत खनन उपक्रमों के लिए अनिवार्य अग्रिम भुगतान की आवश्यकता को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। यह उपाय एक महत्वपूर्ण वित्तीय बाधा को दूर करता है, निजी क्षेत्र से व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करता है और परियोजना के त्वरित कार्यान्वयन की सुविधा प्रदान करता है।

******************

हजारीबाग जिले के दारु थाना क्षेत्र के पिपचो के पास एक पिकअप वाहन के खड़े ट्रक से टकराने से दो महिला मजदूरों की मौत हो गई और आधा दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गए। घायलों का इलाज शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

*****************

झारखंड में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, जहां राजधानी रांची में तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के दक्षिणी जिलों में हीटवेव और 26 अप्रैल को 9 जिलों के लिए लू और तेज आंधी का यलो अलर्ट जारी किया है।

*****************

युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज 'डिजी–लॉकर के माध्यम से खेल प्रमाण–पत्र जारी करने' की पहल की शुरुआत की। इस पहल के तहत राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंटों में प्रतिस्पर्धा करने या जीतने पर एथलीटों को डिजिटल प्रमाण–पत्र दिए जाएंगे। इसका उद्देश्य एथलीटों की उपलब्धियों के रिकॉर्ड को सुरक्षित रखना और उनका डिजिटलीकरण करना है।

*****************

14वें साइलेंट नाइट कराटे कप इंटरनेशनल चैंपियनशिप में कोच के रूप में इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा को नियुक्त किया गया है। मलेशिया के क्वालालंपुर में 25 से 27 अप्रैल तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में भारतीय कराटे टीम भाग ले रही है। इस टीम के झारखंड की महिला कराटे खिलाड़ी मोहिनी रितिका टोप्पो को शामिल किया गया है, जो महिला काता स्पर्धा में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। कोच सुनील किस्पोट्टा ने बताया कि टीम पूरी तरह तैयार है और अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। उनके कोच बनने पर इमा अध्यक्ष अनिल किस्पोट्टा समेत कई लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं।

*****************